# Sambal College of Education

**Nawalgarh Road, Shivsinghpura, Sikar-332024(Raj.)**

**Email : sambalcollege@ymail.com Ph.:01572-248385, 9414351788**

# प्रतिवेदन

## (सत्र: 2018–2019)

***सत्र शुभारंभ :*** महाविद्यालय में सत्र 2019–20 का शुभारंभ 19 अगस्त 2019 को किया गया। जिसमे कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री अमरचन्द गढ़वाल जी ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बी. एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया तथा बी. एड. प्रथम वर्ष एवं बी.ए. बी.एड. व बी.एसी. बी.एड. के नवागंतुक प्रशिक्षणार्थियों का तिलक कर स्वागत किया गया। प्राचार्या महोदय ने सभी प्रशिक्षणार्थीयों को महाविद्यालय की पाठ्य सहगामी क्रियाओं के महत्व पर प्रकाश डाला और अध्यक्ष महोदय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के प्रवक्ता श्री राजेश बाजिया ने स्वागत भाषण दिया। तथा प्रवक्ताओं द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को शैक्षिक लक्ष्य की और अग्रसर होने की प्रेरण दी तथा अंत में महाविद्यालय के प्रवक्ता श्री प्रकाश अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

***अभिनवन कार्यक्रम :*** महाविद्यालय में दिनांक 20 अगस्त 2019 से 27 अगस्त 2019 तक अभिनव कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमे सभी प्रवक्ताओं ने अपने विभिन्न विषयों जैसे प्रार्थना सभा का महत्व, सूक्ष्म शिक्षण, पाठ–योजना, इन्टर्नशिप, वन शाला शिविर, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, जी.एस.टी., महिला सशक्तिकरण, उपभोक्ता संरक्षण, शनिवारीय सभा, शिक्षक शिक्षा का बदलता स्वरूप, व्यावसायिक शिक्षा, क्रियात्मक शोध, मानवाधिकार, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्य आदि पर व्याख्यान दिया।

***इन्टर्नशिप :*** बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को दिनांक 14 अगस्त 2019 से 16 सप्ताह के लिए राजकीय विद्यालय के लिए कार्यमुक्त किया गया।

**खेल दिवस :** महाविद्यालय में दिनांक 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खेल प्रभारी श्री पुष्पेन्द्र परिहार जी ने बताया की खो–खो में बी. एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी विजेता रहे तथा रस्साकसी में बी.

एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी विकास स्वामी विजेता रहे। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा सभी प्राध्यापकों ने अपनी जिम्मेदारीयों को बरखूबी निभाया।

***गणेश चतुर्थी :*** महाविद्यालय में दिनांक 02 सिंतम्बर 2019 को गणेश चतुर्थी का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्ततिया जिसमे सभी प्रवक्तागण उपस्थित रहें तथा अत में महाविद्यालय प्राचार्य महोदय ने गणेश जी महता पर प्रकाश डाला।

***शिक्षक दिवस :*** महाविद्यालय में दिनांक 5 सितम्बर 2019 को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्या ने शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने शब्दों द्वारा गुरु महिमा से संबंधित विचार प्रस्तुत किये एवं रंगारंग प्रस्तुतियॉ दी। प्रशिक्षणार्थियों ने सभी व्याख्याताओं का सम्मान किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने उपस्थित शिक्षको व प्रशिक्षणार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

***हिन्दी दिवस :*** महाविद्यालय में दिनांक 14 सितम्बर 2019 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अनीष आर्य ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। प्रशिक्षणार्थियों ने हिन्दी से संबंधित कविताएँ एवं भाषण प्रस्तुत किये।

***महात्मा गांधी जयंती :*** महाविद्यालय में दिनांक 2 अक्टूबर 2019 को गांधी जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री प्रकाश अग्रवाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्रीमती सपना कुमावत ने बताया कि भारत के राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी जिन्हें बापू या महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है, उनका जन्म दिन 2 अक्टूबर 1869 को गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। गांधी जी को विश्व भर में अहिंसात्मक आंदोलन के लिए जाना जाता हैं। इस अवसर पर बी.एड. के समस्त प्रवक्ता व प्रशिक्षणार्थियों उपस्थित रहे। **दीपोत्सव :** महाविद्यालय में दिनांक 19 अक्टुम्बर 2019 को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और दीपोत्सव का महत्व बताते हुए बुराईपर अच्छाई की जीत के बारे में

बताया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने रंगोली बनाई व दीप प्रज्वलीत किये। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

***बाल दिवस :*** महाविद्यालय में दिनांक 14 नवम्बर 2019 को बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने बाल दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये । भारत में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बी.एड. के समस्त प्रवक्ता व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

***सूक्ष्म शिक्षण :*** प0 दी0 उ0 शेखावाटी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार दैनिक पाठ योजना से पूर्व शिक्षण कौशलों के विकास हेतु एवं शिक्षा की गुणवत्ता के लिए '' सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 06 जनवरी 2020 प्रारम्भ कर आंतरिक प्रायोगिक कार्य सम्पन्न करवाया गया।

***नेताजी सुभाष चन्द्र बोस***

महाविद्यालय में दिनांक 23 जनवरी 2020 को सुभाष चन्द्र बोस जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री अमरचन्द गढ़वाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष श्री लीलाधर जोशी ने बताया कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। इस अवसर पर प्रवक्ताओं व प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

***राष्ट्रीय बालिका दिवस***

महाविद्यालय में दिनांक 24 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमती सपना कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस भारत में हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

***गणतंत्र दिवस :*** 26 जनवरी 2020 को संस्थान मे सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा सम्पूर्ण राजस्थान की झॉकी प्रस्तुत की।

***मुक्त वायु शिविर :*** विश्व विद्यालय पाठ्यक्रम में प्रायोगिक कार्य वनशाला शिविर का आयोजन दिनांक 24 फरवरी 2019 से 29 फरवरी 2019 तक किया गया जिसका उद्घाटन दिनांक 24

फरवरी को प्रात 10 बजे किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रतराम जी थे शिविर उद्घाटन समारोह में शिविरार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को अध्यापक शिक्षा के औचित्य पर अपने विचार प्रकट करते हुए उसमें गुणात्मक सुधार आवश्यक बताया। शिविर के दौरान श्रमदान कार्यक्रम, योगाभ्यास, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, शिक्षाविदों द्वारा प्रसार व्याख्यान, पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री डॉ. जगदीश प्रसाद कड़वासरा अपने विचारो से प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया। शिविर प्रभारी द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिये सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**फाल्गुन महोत्सव**

महाविद्यालय में दिनांक 07 मार्च 2020 को फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा राजस्थानी गीत व गींदड़ नृत्य की प्रस्तुति देते हुए फाल्गुन महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ आनन्द उठाया।

टिप्पणीः – महाविद्यालय में दिनांक 16.03.2020 से राज्य सरकार के आदेश के अनुसार कोरोना महामारी के कारण महाविद्यालय शिक्षण कार्य पुर्णतः बंद रहा।

***वार्षिक परीक्षा*** :

1. बी.एड. प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा 2020 को कोरोना महामारी (कोविड–19) के कारण विश्वविद्यालय द्वारा नही करवायी गई।

2. बी.एड. द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा 2020 दिनांक 05 अक्टूम्बर से 16 अक्टूम्बर 2020 तक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी गई।

Principal
Sambal College of Education
SHIVSINGHPURA. Sikar